## खबर संक्षेप

### कसौंधन वैश्य महासभा का शपथ ग्रहण कल

**शहडोल।** प्रांतीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता कसौंधन एवं प्रदेश कार्य समिति का शपथ ग्रहण मानस भवन में प्रातः 11 बजे से सुनिश्चित है। शपथ ग्रहण में प्रदेश के सभी ग्राम/नगर एवं जिला इकाईयों के सभी सदस्यों से आग्रह है कि शपथ ग्रहण में उपस्थित होकर कार्यक्रम संपन्न कराये।

### सड़क किनारे मिली युवती की लाश



**उमरिया।** इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी के ग्राम असोड़ से सटे कुढ़ बाबा के पास करींब 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव सन्दिग्ध परिस्थितियों में मिला है। शव की हालत देख प्राथमिक दृष्ट्या तकरीबन हफ्ते भर पहले युवती के मृत होना ज्ञात होता है। घटना की जानकारी पर इंदवार पुलिस पहुंची है और ज़रूरी कार्यवाही कर शव को कब्जे में लेकर पीएम आदि की कार्यवाही में जुट गई है। युवती की शिनाख्ती को लेकर ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है, वही थाना अंतर्गत गुमशुदगी के शिकायतों की भी पड़ताल की जा रही है। जिले के अलग-अलग थानों में लावारिस अवस्था मे मिल रहे इंसानी लाशों से आम लोग हतप्रभ है। नौरोजबाद में अभी-अभी हफ्ते भर के अंदर दो अलग-अलग मामलों में दो महिला और एक पुरुष का शव लावारिस हालत में मिला, अब इंदवार थाने के महरोई में अज्ञात युवती का शव सन्दिग्ध परिस्थितियों में मिला है। इंदवार में पीएम आदि की व्यवस्था न होने की वजह से युवती का शव जिला अस्पताल लाया जायेगा, जहाँ पीएम आदि की कार्यवाही की जायेगी। खबर ये भी है कि शव कुछ दिन मरचुरी में रखकर शिनाख्ती के प्रयास भी किये जायेंगे, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### हिंसक भालू का किया गया रेस्क्यू



**उमरिया।** मानपुर बफर के गुरूवाही बीट से पार्क टीम ने रेस्क्यू कर आक्रामक भालू को कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि रेस्क्यू के दौरान भालू आंशिक घायल अवस्था में था, जिसे अब कब्जे में लेने के बाद उपचार भी किया जायेगा। दरअसल मानपुर बफर की गुरुवाही बीट के कक्ष क्रम पीएफ 341 में भालू ने आधे दर्जन से अधिक लोगो को घायल किया था, इसी मामले में पिछले 24 घण्टे से पार्क अमला हाई अलर्ट पर रहा है। रेस्क्यू के दौरान क्षेत्र संचालक श्री उइके के अलावा एडी ताला, रेंजर मानपुर,रेंजर पतौर, रेंजर ताला, रेंजर पर्यटन सहित भारी संख्या में वन कर्मी मौजूद रहे। हिंसक भालू ने पिछले 24 घण्टे में जिस तरह इंसानी हमला किया है, जिसमें एक महिला सहित आधे दर्जन से अधिक घायल है। उससे वन्य प्राणी चिकित्सक इस बात का भी शोध करेंगे कि कही भालू रेबीज आदि किसी गम्भीर बीमारी से ग्रस्त तो नही है। भालू के आक्रामक रवैये के दूसरे कारणों के साथ यह भी एक मुख्य कारण चिकित्सक मानते है। रेस्क्यू के बाद कब्जे में आये हिंसक भालू को फिलहाल चिकित्सकों के परामर्श में सुरक्षित स्थल पर रखा जाएगा, जहाँ हिंसक भालू की प्रॉपर मोनिटरिंग हो सके।

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर कार्यवाही

**शहडोल।** पुलिस द्वारा 14 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 118 चालानों में 46,900 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### माफियाओं का गौण खनिज पर कब्जा, ब्यौहारी क्षेत्र में बढ़ा त्रासमान

# मानना पड़ेगा.....प्रशासन की संवेदनशीलता भी पत्थर दिल

**शहडोल।** वैसे तो गौण खनिजों का अवैध उत्खनन पूरे जिले में पूरे शवाब पर है और रेत माफिया मनमाने दामों व्यापार भी कर रहा है लेकिन ब्यौहारी क्षेत्र की स्थिति सर्वाधिक त्रासद है। ब्यौहारी क्षेत्र आतंक के बूते चलने वाली गौण खनिजों की एक ऐसी अवैध मण्डी बन चुका है जहां माफिया व्यापारी बन कर बैठा है और उसके गुर्गे चारो तरफ बंदूके ताने बैठे हैं। यहां हमलों और मौतों का सिलसिला चल रहा है लेकिन इसके बावजूद प्रशासन कायरों की तरह चुप्पी साधे बैठा है। पूरे ब्यौहारी व देवलौंद के आसपास सोन नदी के किनारे स्थित क्षेत्रों में माफिया का दबदबा चल रहा है। दिन रात भारी मशीनों से सोन नदी की रेत निकाली जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि्रप्रशासन को सघन अभियान चलाकर माफिया की कमर तोड़ देनी चाहिए।




### यह हुई जानलेवा घटनाएं

ब्यौहारी के गोपालपुर ग्राम में गत माह खड्डा हल्का पटवारी प्रसन्न सिंह की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई। राजस्व अमला रात के समय उत्खनन एरिया में पेट्रोलिंग कर रहा था। उसी दौरान उसकी हत्या हुई। इस घटना से पूर्व एक अन्य स्थल में ब्यौहारी के पूर्व तहसीलदार चिरामन ङ्कूषसह पर हमला किया गया था जिसमें उन्हे चोटें आईं थीं और उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद एक एसएएफ के जवान पर हमला किया गया था। लेकिन विशेष एहतियाती कार्रवाई की बजाय सामान्य कार्रवाई के साथ अध्याय समाप्त कर दिया गया।

### मुरुम खदान बंद नहीं हुई

गौण खनिज मुरुम की वैधानिक खदान पूरे जिले में कहीं भी संचालित नहीं हैं। लेकिन ब्यौहारी क्षेत्र के कई अंचलों में इसका अवैध उत्खनन चल रहा है। इसी अवैध उत्खनन के कारण ग्राम झरौंसी में एक अवैध खदान चल रही है। कुछ माह पूर्व यह खदान ऊपर से धसक गई थी जिसमें दब कर दो श्रमिकों की स्थल पर ही मौत हो गई थी। बताते हैं कि यहां से मुरुम निकाल कर निर्माणाधीन रीवा टेटका रोड की पटरी भराई कराई जा रही थी। घटना के बाद श्रमिकों का शव निकलवाकर पुलिस प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था। इसके बाद कार्रवाई शांत सी हो गई।

### और कितने हादसों का इंतजार है?

सवाल यह है कि ब्यौहारी क्षेत्र में पनपती गौण खनिजों की यह अवैध मण्डी लोगों को निगल रही है, उनकी जान से खेल रही है लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की नीद नहीं टूट रही है। क्या इतनी सारी दर्दनाक घटनाएं कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं? अगर नहीं तो फिर प्रशासन और कितनों की आहुतियां लेना चाहता है और कितनों के रक्त से धरती को लाल करना चाहता है। यह हाल उस प्रशासन का है जिसे संवेदनशील प्रशासन के नाम से जाना जाता है। उसकी संवेदनशीलता भी बड़ी पत्थरदिल है यह कहना गलत नही होगा। आज नहीं तो कल ब्यौहारी में कठोर पुलिस कार्रवाई करानी पड़ेगी, नहीं तो माफिया की गोलियां इसी तरह सनसनाती ही रहेंगी।

# भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के लिये कलश यात्रा का आयोजन



**जयसिंहनगर।** 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विधि विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, जिसे लेकर ट्रस्ट की ओर से दिन रात काम किया जा रहा है। भगवान राम की मूर्ति से लेकर तमाम तैयारियां अपने आखिरी चरण में हैं, वहीं राम मंदिर के भूतल का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो गया है, जिसके उपरांत लगभग सम्पूर्ण भारत के गांव-गांव में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव स्थानीय स्तर पर पूरे धूमधाम से मनाया जाए, इस हेतु विभिन्न संगठनों के माध्यम से कलश यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें लोगों को स्थानीय स्तर पर आमंत्रित किया जायेगा और 22 जनवरी को एक साथ लाईव प्रसारण के माध्यम से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के रूप में मनाया जा सके ऐसी योजना तैयार की जा रही है। अयोध्या में होने जा रहे दिव्य अनुष्ठान के उपलक्ष्य में 14 दिसंबर को खंड जयसिंहनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघ चालक राजेंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी की विभिन्न ग्रामों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अगुवाई में कलश यात्रा का आयोजन किया जाना है जिसमें समस्त ग्राम वासियों एवं नगर वासियों को पूर्ण मनोयोग से सम्मिलित होकर भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाया जाना है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघचालक राजेंद्र शर्मा, खंड कार्यवाह अनिल केसरवानी, सह खंड कार्यवाह शिवकुमार तिवारी,खंड शारीरिक प्रमुख देवेंद्र गुप्ता, खंड व्यवस्था प्रमुख रमाकांत गुप्ता, सह खंड कार्यवाह अनुराज मिश्रा, ग्राम विकास प्रमुख लोकेश मिश्रा, धर्म जागरण प्रमुख राजीव द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी से सातिका प्रसाद तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामनारायण पांडेय, राजेश द्विवेदी, दिवाकर पयासी बजरंग दल जिला संयोजक अजय सिंह तोमर, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी आरती गुप्ता, राकेश गुप्ता व राजकुमार यादव सहित विद्या भारती, भारतीय जनता पार्टी, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, स्थानीय व्यापारी संघ, स्थानीय पत्रकार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घायलों का अस्पताल में हो रहा इलाज



**उमरिया।** भालू के हमले में घायल वन रक्षक नरेंद्र प्रजापति फिलहाल जिला अस्पताल में इलाजरत है, बताया जाता है कि भालू के हमले में इनके दाहिने हाथ का ऊपरी हिस्सा गम्भीर रूप से जख्मी हुआ है, इस घटना में महावत राजेन्द्र यादव को भी चोटे आई थी,पर फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद वो सकुशल है। 24 घण्टे के अंदर मानपुर बफर के ग्राम गुरूवाही में खूंखार भालू ने एक महिला को मौत की नींद सुला दिया है, वही 5 अन्य लोग अलग अलग अस्पतालों में चिकित्सकीय मदद ले रहे है। इनमें गुरूवाही सरपंच के.पी. सिंह जबलपुर के निजी अस्पताल में इलाजरत है, वही अच्छेलाल बैगा मेडिकल कालेज जबलपुर में उपचारार्थ है, इनके अलावा 3 अन्य लोग शहडोल स्थित मेडिकल कालेज में इलाजरत है। सूत्रों की मानें तो सभी घायल फिलहाल खतरे से बाहर है।

# धान खरीदी एवं गैस सिलेंडर के मूल्य का वादा पूरा करे सरकार : सुभाष



**शहडोल।** कॉंग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा है कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किसानों से 3100 में धान खरीदने एवं घरेलू उपयोग के सिलेंडर का मूल्य 450 करने का वादा किया था। श्री सुभाष गुप्ता ने कहा कि, धान खरीदी शुरू हो चुकी है जिसका मूल्य 2100 ही दिया जा रहा है, जबकी सरकार बनते ही 3100 में खरीदने का वचन भाजपा द्वारा दिया गया था एवं सिलेंडर का मूल्य भी 450 रुपए नहीं किया गया है जो कि किसान भाइयों एवं आमजन के साथ सरासर धोखेबाजी है। श्री गुप्ता ने जनहित में प्रदेश की भाजपा सरकार से, पहली कैबिनेट में इन वचनों को पूरा करने की मांग की है। उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

# आदतन अपराधियों की जमानत कार्यवाही के संबंध में एसपी ने दिये निर्देश

**शहडोल।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं एसडीओपी की बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीर अपराधों के आदतन अपराधियों की जमानत कार्यवाही के संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गए नवीन निर्देशों के संबंध में अवगत कराया गया एवं इनका अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपराधियों के जमानत आवेदन पत्र पर पुलिस के ओर से प्रस्तुत होने वाले विरोध पत्र में आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की सुस्पष्ट जानकारी पूर्व अपराध क्र., गिरफ्तारी, रिहाई, जमानत तथा पूर्व दोषसिद्धि के विवरण सहित प्रस्तुत की जावे। भविष्य में उसके द्वारा अपराध घटित करने की संभावना के संबंध में माननीय न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया जावे। साथ ही द.प्र.सं. की धारा 437(3) में वर्णित शर्तें जमानत आदेश में अधिरोपित किये जाने हेतु माननीय न्यायालय से अनुरोध की जावे। साथ ही दोषसिद्धि हुई हो तो उसकी जानकारी भी विरोध पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। जमानत पर छोड़े गए अपराधी के द्वारा अगर पुनः अपराध किया जाता है तो सक्षम न्यायालय में विधिवत आवेदन आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जावे। जमानत पर मुक्त आरोपियों द्वारा पुनः अपराध किया जाता है तो आरोपियों की पूर्व में पदत्त जमानत को निरस्त करवाने के लिए की गई कार्यवाही मासिक समीक्षा जिला पुलिस कार्यालय एवं जिला अभियोजन कार्यालय से की जावेगी।

# किसानों की चेतावनी : अनिश्चितकालीन बंद करेंगे रामपुर बटुरा प्रोजेक्ट

**शहडोल।** लंबे अरसे से समस्याओं को झेल रहे हैं रामपुर के किसान शर्त तो यह हुआ था डीआरसीसी के बाद 3 महीने के अंदर मुआवजे का भुगतान उसके तुरंत बाद 1076 रोजगार रामपुर 261 रोजगार बेलिया के किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन ऐसी समस्या में किसान उलझे हुए हैं अपनी पुस्त दर पुस्त की संपूर्ण संपत्ति को सहजता के साथ एसईसीएल एवं जिला प्रशासन के लालच में आकर सौंप दिया, जैसे आज 78 साल से गांव के सहज जनता किसान मजदूर लूटने आए हैं उसी तर्ज में एक बार रामपुर के किसानों के साथ आंख मिचौली खेला गया और किसानों को खुलेआम कागजी कार्यवाही में लूट लिया गया यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, जिस तरह से 2010-11 में अधिग्रहण की गई रामपुर बेलिया गांव और फिर शासन और एसईसीएल के कागजी कार्यवाही में खेलते-खेलते 2016 में मुआवजे का प्रथम भुगतान किया गया, फिर नाटक शुरू हुआ रोजगार देने का तो उसके बाद लगातार ग्रामीणों के अथक प्रयास से लड़ाई लड़ते-लड़ते 2022-23 से रोजगार की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, बस इतना ही कहेंगे कि थोड़ी कृपा एसईसीएल और जिला प्रशासन के हुई तो ढाई सौ रोजगार रामपुर और बेलिया के किसानों को दी गई। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सर्व सेवा संघ के युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक किसान नेता भूपेश शर्मा ने बताया कि हम किसानों के साथ लगातार छलावा किया जा रहा है और केवल एसईसीएल दोषी नहीं हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा जिला प्रशासन भी दोषी है, कोयला खदान खोलकर तेजगति से कोयले का भंडारण एवं डिस्पैच का काम हो रहा है और किसानों की समस्या बढ़ती जा रही है, कुछ मुख्य मुद्दे हैं जिनको लेकर किसान अब एकजुट होकर 15 दिसंबर से आवाहन कर दिया है, किसी तरह से सुनवाई नहीं होते देख कल से बंद करेगें। खदान अब हम आश्वासन पर बात नहीं मानेंगे मौके पर आए किसानों की समस्या का समाधान करें और खदान चालू करें



समस्या का समाधान नहीं होगा तो खदान अनवरत बंद रहेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी एसईसीएल और जिला प्रशासन की होगी। धारा 9, 1 अन्तिम नोटिफिकेशन 21 जनवरी 2016 आदेश की प्रति उपलब्ध कराया जाए और उसके कारण रुके फाइल में तत्काल रोजगार उपलब्ध कराई जाए, आर. एंड आर. की राशि 10 लाख प्रति परिवार के हिसाब से भुगतान किया जाए, पुनर्वास हेतु जमीन चिन्हित कर कार्यवाही शुरू किया जाए, रोजगार की रूकी फाइल जैसे गुप्ता परिवार को 2वर्षों से रोका गया है, इसके साथ अन्य रोजगार में समय निश्चित किया जाए, क्वारी कम से कम निकाला जाए, देरी करने वाले अधिकारियों को उपास्थित कर राजस्व विभाग के जिमेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर निराकरण किया जाए, प्राइवेट कंपनियों जो रामपुर बटूरा प्रोजेक्ट में काम कर रहें उन्हें 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल भर्ती कराया जाए, रुके मुआबजा पेड़, पौधे, जमीन, मकान अन्य परिसंपत्ति का भुगतान किया जाए, कोयले लोडिंग-अनलोडिंग से लगे आदि का काम स्थनीय ग्राम पंचायत समिति को दी जाए, छोटे-छोटे काम की जिम्मेदारी, रामपुर, खड़ा, बेलिया आदि गांव को दिया जाए ठेकेदार यहां भी है विसंगति में लंबे समय से किसने की जमीन के मुआवजे का भुगतान नहीं हो सका उसे तत्काल कराया जाए, बल्कि मुआवजा न देकर किसानों के शेष जमीन बची को दवाब बना कर शफत के माध्यम से सरेंडर कराया जा रहा उसे वापस कराया जाए, कुछ किसानों को मुवाबज़ा मिल गया जमीन अधिग्रहण नहीं हुआ अधिग्रहण करते हुए रोजगार उपलब्ध कराई जाए। उक्तशाय की जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने बताया कि जीएम, सबेरिया मैनेजर अनुरुद्र सिंह, टीआई अमलाई सहित किसानों से बात करने पहुंचे लेकिन किसान अपने मांगो पर अड़े रहे, इसी जगह पर मांग पूरा हो तभी उठेगा नहीं तो आन्दोलन प्रारम्भ रहेगा। आंदोलन में सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर श्रीमती परेमिया बैगा, जनपद सदस्य चंद्र कुमार तिवारी, उपसरपंच रजनीश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकमल, आनंद त्रिपाठी, ओमप्रकाश द्विवेदी,राघवेंद् शर्मा, उमेश शर्मा, किसान नेता आदित्य त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संती मनमोहन चौधरी, जुगल किशोर, पूर्व सरपंच झोले बैगा, पंच प्रमोद बैगा, विजय विश्वकर्मा, मनोज त्रिपाठी, पूर्व सरपंच राजकुमार शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य, नेमसाय रठोर, मूलचंद गुप्ता, पूर्व उप सरपंच राजू सोनी, सुनील जायसवाल, रमाकांत, हीरामनी, बाबूलाल साहू, शंकर साहू, रमेश साहू, सुनील गुप्ता,भगवान दास बैगा, लवकुश साहू, नारायण गुप्ता, धनी बैगा, अशोक द्विवेदी, विनोद, बृजेश गुप्ता, नन्नू गुप्ता, विजय मिश्रा, रणधीर, मुरली साहू, शंकर, मुन्नी बाई, श्री गुप्ता, अशोक, रत्ना बैगा, नर्वद गुप्ता, भूपेश शर्मा सहित समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## विकसित भारत पर विद्यालयों में निबंध और भाषण प्रतियोगिता का हो आयोजनः कलेक्टर

**उमरिया।** भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फलेगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने, योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने, यात्राओं संबधी जागरूकता एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त के संबध में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे जिले के समस्त विद्यालयों में इन यात्राओं के संबंध में प्रार्थना सभा में बच्चों को जानकारी दी जाये एवं विकसित भारत के संकल्प पर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की जावे। विकसित भारत पर विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया जावे एवं की गई गतिविधियों की जानकारी मय फोटोग्राफ्स, विडियोज अधोहस्ताक्षरकर्ता को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

## जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा के द्वारा जेल का निरीक्षण



**उमरिया।** जेल अधीक्षक एस. के. उपाध्याय केन्द्रीय जेल रीवा व्दारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों मे जाकर बंदियो से चर्चा एवं पूछताछ की। बंदियों ने जेल की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। परिसर में साफ - सफाई व्यवस्थित पाई गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा व्दारा पूरी सतर्कता के साथ कर्तव्य का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। जेल अधीक्षक श्री उपाध्याय द्वारा जेल में स्थित महिला वार्ड का भी अवलोकन कर उसे प्रारंभ किये जाने योग्य पाया गया है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी. के. सारस, जेल चिकित्सक डॉ. एस.के. जैन एवं प्रमुख मुख्य प्रहरी तथा ड्यूटी कर रहे मुख्य प्रहरी, जेल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोतमा।** 12 सितम्बर को फरियादी कुमोदनी शुक्ला पति हरिहर शुक्ला उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिहा ने थाने मंन शिकायत दर्ज करवाई कि 12 सितंबर को 10.30 बजे से दोपहर 2.45 के बीच कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजे मे लगे ताला को तोड़कर लाखो रुपए के सोने, चाँदी के जेवरात एवं नगदी 5250/-रुपए तथा पर्स मे रखा बैंक के पासबुक एवं अन्य दस्तावेज चोरी कर ले गये है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 454, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीम गठित कर, ईनाम उद्घोषणा किया गया था। विवेचना के दौरान सायबर सेल अनूपपुर के मदद से आरोपी बृजलाल सिंह गोड़ पिता बधैयालाल गोड़ उम्र 32 वर्ष नि. ग्राम रझौही थाना गढ़ जिला रीवा हाल ग्राम खाम्हा थाना गोहपारू जिला शहडोल को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जे/आर पर न्यायालय कोतमा मे पेश किया गया था तथा दो फरार आरोपियों की तलाश की गई आरोपी राकेश सिंह गोड़ उर्फ दारा पिता समय लाल सिंह गोड़ उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम चकौड़िया थाना जैतपुर जिला शहडोल को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी गया 01 नग सोने का हार, 02 नग झूमका, 02 नग सोने का लाकेट, 02 नग चाँदी का पायल, 06 नग चाँदी की बिछिया एवं नगदी 3000 रुपए कुल कीमती 1,03000 रुपए आरोपी से बरामद किया गया, आरोपी के खिलाफ 3000 रुपए ईनाम की उद्यघोषणा है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह के निर्देशन पर एसडीओपी. वी.पी. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व मे, उप निरी. दशरथ बागरी, सउनि विनय सिंह परिहार, आरक्षक कृपाल सिंह, संत कुमार मरावी, दिनेश किराडे सायबर सेल अनूपपुर के प्र. आर. राजेन्द्र अहिरवार तथा थाना के अन्य स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

## नेताजी के साथ मिलकर प्रभारी सचिव ने किया भ्रष्टाचार

# फर्जी बिल या चोरी की रेत सप्लाई कर रहा निशांत ट्रेडर्स

शायद ही कोई ऐसा मंच हो जहां से सरकार अथवा सत्ताधारी दल के लोग पारदर्शिता की गाल न बजाते हों। जबकि हकीकत तो यह कि निरंकुश हो रहा जिला प्रशासन सरकार की पारदर्शिता को पलीता लगा रहा है। पंचायत में स्वीकृत हुए कार्य ऑफ रिकार्ड सत्ताधारी दल के नेता कर रहे हैं, दोयम दर्जे के निर्माण से जहां निर्माण एजेंसी कटघरे में हैं, सरकार की योजनाओं और निर्माण के लिए आई राशि में सेंध भी लगा रहे हैं।

**शहडोल।** जिले में रेत के अवैध परिवहन, भंडारण को लेकर जिला प्रशासन सहित खनिज विभाग पटवारी की मौत के बावजूद चुप्पी साधे बैठा है, शासकीय निर्माण कार्यो में लगातार ऑन रिकार्ड रेत की हो रही सप्लाई पर अंकुश न लगने के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है, गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायतों में वेण्डरों द्वारा रेत की निर्बाध सप्लाई की जा रही है, लेकिन जनपद, जिला पंचायत, खनिज विभाग सहित जिला प्रशासन खदान-भण्डारण बंद होने के बावजूद पंचायतों में लगने वाले रेत के बिल पर कार्यवाही करने की जगह शिकायत के इंतजार में बैठे है, निर्माण के दौरान पंचायत से मिले कमीशन के चलते जिम्मेदार कार्यवाही की जहमत नही उठा पा रहे हैं, वहीं सत्ताधारी दल के नेता पंचायतों में मजूदरी के साथ ही वेण्डर बने बैठे हैं, जो दोहरा लाभ पंचायत से ले रहे हैं।

### यह है मामला


गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायत मलमाथर में शाला बाउण्ड्रीवाल के लिए प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से 23 लाख 4 हजार रूपये 1 अप्रैल 2023 को स्वीकृत हुआ था, उक्त निर्माण में मजदूरों पर 3 लाख एवं 20 लाख 4 हजार रूपये निर्माण सामग्री पर व्यय करना था, 13 लाख 66 हजार 554 रूपये निर्माण में खर्च हो चुका है, निर्माण सामग्री के नाम पर 12 लाख 34 हजार 784 खर्च हो चुका है, मजदूरी में 1 लाख 31 हजार 770 रूपये व्यय हो चुका है, पंचायत में प्रभारी सचिव द्वारा उक्त निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री के साथ




ही फर्जी मजदूरी भुगतान भी किया गया है, बीते दिनों जांच दल ने पंचायत में हुए निर्माण कार्य और भुगतान की जांच जिला पंचायत के मुखिया के आदेश के बाद जांच की तो, जरूर लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं निकला।

### कहां से आई 20 गाड़ी रेत

मलमाथर पंचायत में शाला बाउण्ड्रीवाल के लिए मेसर्स निशांत ट्रेडर्स मेन रोड, बस स्टैण्ड खन्नौधी द्वारा 14 नवम्बर को 20 ट्रिप रेत 3 हजार के भाव से बेचा गई है, बीते कई माहों से जिले में रेत खदान एवं भण्डारण की स्वीकृति नहीं है, इसके बावजूद पंचायत के प्रभारी सचिव द्वारा 60 हजार रूपये का भुगतान



## मलमाथर पंचायत में मजदूरों के हक पर डाका

उक्त फर्म को किया गया है, फर्म संचालक आखिर रेत कहां से लाकर पंचायत को दी, इसकी जांच खनिज विभाग को करनी चाहिए, साथ ही जनपद के जिम्मेदारों को यह पंचायत से खरीदे गये खनिज की रॉयल्टी की जांच करनी चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि पंचायत ने रेत खरीदी है या नहीं।

### पंचायत चला रहे नेताजी

आशीष कुमार शर्मा मण्डल मंत्री भारतीय जनता पार्टी गोहपारू का जलवा मलमाथर पंचायत में ऐसा है कि वह श्री राम ट्रेडर्स के नाम पर लाखों के बिल लगा चुके है, रेत खदान एवं भण्डारण न होने के बावजूद इन्होंने भी रेत की सप्लाई दी है, लाखों का भुगतान खाते में लेने वाले नेताजी की पत्नी पंचायत पंच भी है, लेकिन लाखों की निर्माण सामग्री सप्लाई करने वाला सत्ताधारी दल का नेता अपने कुनबे के साथ पंचायत में मजदूरी भी कर रहा है, हालाकि ग्रामीण झूठ बोलते हैं कि शर्मा परिवार ने कभी पंचायत में मजदूरी नहीं की। जांच दल का कहना भी है कि मजदूरी कोई भी कर सकता है, पूरा गांव चाहे जो कहे, लेकिन शर्मा जी ने जो कह दिया जांच दल उसी को दोहरा रहे हैं।

### नेताजी को मजदूरी भुगतान

मलमाथर पंचायत में बाउण्ड्रीवाल निर्माण के दौरान आशीष शर्मा को 12 हजार 90 रूपये, पंच एवं श्री शर्मा की पत्नी पूजा शर्मा को 10 हजार 100 रूपये का भुगतान किया गया है, नेताजी एवं उनका कुनबा कार्य में इतना दक्ष है कि निर्माण कार्य के दौरान कुल 10 लोगों को 55 हजार 690 रूपये का भुगतान किया गया, नेताजी और उनकी पत्नी को छोड़ दे तो, बाकी सभी को 5-5 हजार भुगतान पंचायत के प्रभारी सचिव एवं सरपंच ने किया है, हालाकि नेताजी ने कभी पंचायत में मजदूरी की नहीं है, लेकिन ऑफ रिकार्ड पंचायत चला रहे नेताजी वेण्डर बनकर पंचायत में लाखों की निर्माण सामग्री तो, सप्लाई कर ही रहे हैं, साथ ही पंचायत के प्रभारी सचिव द्वारा फर्जी मजदूरी भुगतान भी किया जा रहा है। इससे पूर्व भी तालाब घाट निर्माण में नेताजी, उनकी पत्नी तथा उनके परिवार के एक सदस्य को भुगतान किया गया था।

### पंचायत में फर्जी बिलों का भण्डार

ग्राम पंचायत मलमाथर में एक नहीं बल्कि लगभग हर निर्माण कार्य में वेण्डरों से सांठ-गांठ कर फर्जी भुगतान किया गया है, इसके अलावा फर्जी मजदूरी भुगतान से नेताजी जैसे लोगों को लाभ पहुंचाया गया है, प्रभारी सचिव द्वारा बीते दिनों जांच करने गई टीम को या तो यह नहीं बताया कि निर्माण कार्य में चोरी की रेत सप्लाई हो रही है या फिर जांच टीम ने पूछना जरूरी नहीं समझा कि आखिर बीते दिनों पटवारी की हत्या के बाद जब मामला तूल पकड़ा हुआ है कि रेत खदान नहीं है तो, आखिर रेत की सप्लाई कौन कर रहा है। वहीं खनिज विभाग के मुखिया भी ऐसे संवेदनशील मामलो में चुप्पी साधे हुए, अब तो ऐसा प्रतीत होने लगा है कि जिला प्रशासन स्वयं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है।

### इनका कहना है...

फर्म पुत्र के नाम पर है, यह तो सही है कि रेत खदान बंद है, मैं आपको समझकर जवाब देता हूं।

**वेण्डर**
**मेसर्स निशांत ट्रेडर्स**

*****

निर्माण कार्य के लिए सामग्री आशीष शर्मा ने उपलब्ध कराई थी, मजदूरी तो नहीं किए है, लेकिन उनके परिवार के लोगों ने काम किया हैं, समाचार प्रकाशित मत करिए।

**विनोद सिंह परस्ते**
**प्रभारी सचिव**
**ग्राम पंचायत मलमाथर**

******

पंचायत में अगर चोरी की रेत का उपयोग हो रहा है तो, गलत है, जल्द जनपद से पत्राचार किया जायेगा।

**देवेन्द्र पटले**

## शा. विद्यालय बनौदा में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ जिला तिवारी के मार्गदर्शन पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय बंनौदा में विद्यार्थियों के लिए कॅरिअर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य बृजभान प्रजापति ने कहा कि सर्वप्रथम हमें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जिससे हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। कड़ी मेहनत से आप अपना मनचाहा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।



हिमांशू तिवारी ने विद्यार्थियों को बताते हुए कहा की सकारात्मक सोच से ही सफलता संभव है, उन्होंने कहा की किसी तरह की बाधा सफलता नहीं रोक सकती यदि कुछ कर गुजरने की ख्वाहिश दिल में हो, पूरी लगन और तन्मयता से मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।बच्चे अपने गोल पर कैसे फोकस रहें और गोल को किस तरह से प्राप्त कर सके, इस पर बातें हुई बच्चों से सवाल किया गया और इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर सवाल और जवाब दिए। बच्चों में अगर कोई कंफ्यूजन था तो उस कन्फ्यूजन को भी दूर किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में दिशा निर्धारण का समय कठिन होता है। ऐसे समय में जब कोई उचित मार्गदर्शन देने वाला नहीं होता है, तो सही रास्ते से भटकना कोई बड़ी बात नहीं है। बच्चों के सवालों के जवाब दे कर उनका उत्साहवर्धन किया था। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर व अनुशासन में रहते हुए पढ़ाई करने को कहा। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य बृजभान प्रजापति, शिक्षिका भावना कुमारी, हरिमोहन मिश्रा, जनसेवा मित्र हिमांशू तिवारी, खुशी सेन, विद्यालय छात्र सागर चौधरी संदनम सिंह, मुकेश सिंह, आशीष शर्मा, शिवम सिंह, दिनेश सिंह, हर्षित सिंह, अभिलाष द्विवेदी, प्रतीक्षा चतुर्वेदी एवं सभी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन समन्वय बनाकर बेहतर तरीके से किया जाए : मुख्यमंत्री



**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सायं 4 बजे लाईव संबोधन करेंगे। यात्रा का आयोजन जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन समन्वय बनाकर बेहतर तरीके से करें। कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं तथा स्कूली विद्यार्थियों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथा संभव निराकरण किया जाए। पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए तथा जिन आवेदनों का निराकरण तत्काल संभव नही है उन हितग्राहियों को सूचित भी किया जाए। इस अवसर पर कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, दिलीप पाण्डेय, नगर पालिका पाली की अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, नगर पंचायत मानपुर की अध्यक्ष भारती सोनी एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## पुलिस सुस्त-चोर मस्त और जनता त्रस्त

### मुन्ना मोबाइल मे चोरों ने बोला धावा, एक चोर को लोगों ने पकड़ा, दूसरा फरार



**बिजुरी।** बिजुरी नगर के पुलिस पर ऐसा कलंक लगा है जिसको मिटाने में काफी समय लगेगा रेत माफियाओं का ऑडियो खुले आम बिजुरी पुलिस की निष्पक्षता की धज्जियां उड़ा रहा है वहीं क्षेत्र में हुई कई चोरियों व अन्य वारदातों का खुलासा आज तक नहीं हो सका। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, मगर पुलिस अब तक किसी भी वारदात का खुलासा नही कर सकी है। चोर गिरोह ने अब शहर में व्यापारियो के साथ लूट की वारदात को अंजाम देना शुरू कर दिया है, जिससे व्यापारियो में हडकंप और दशहत का माहौल बन गया है। गुरुवार की रात्रि को नगर के हृदय स्थल हनुमान मंदिर चौराहे में मुन्ना मोबाइल की दुकान में चोरों द्वारा ऊपर छत से चढ़कर सीलिंग काटकर करीब 15 लाख रुपए तक के मोबाइल चोरी कर भागने के फिराक में थे तभी रात 2 बजे के आसपास मुन्ना मोबाइल के परिवार के सदस्य को दुकान के छत से कुछ आवाज आने की आहट सुनकर देखा तो चोर चोरी कर भागने के फिराक में थे तभी हल्ला किए जाने पर दो चोरों में से एक चोर भाग गया वही एक चोर माल सहित पकड़ लिया गया जिसे लोगों द्वारा पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुटी। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि घटनास्थल जो नगर का हृदय स्थल हनुमान मंदिर चौराहा जहां 12- 01 बजे रात तक लोगों का आना-जाना बना रहता है वहां पर चोरों द्वारा बेखौफ होकर चोरी करना कहीं ना कहीं चोरों का पुलिस प्रशासन के प्रति डर बिल्कुल खत्म हो गया है।

### पुलिस का सुस्त रवैया

पूरे बिजुरी नगर क्षेत्र में सक्रीय चोर गिरोह आए दिन चोरी, लूट जैसी बड़ी वारदातो को अंजाम दे खौफ फैला रहे है, लेकिन पुलिस अपराधियों को दबोचने में अब तक नाकाम रही है। नगर निरीक्षक बिजुरी जो घर से थाने और थाने से घर तक ही आना जाना रहता है नगर में कई बड़ी घटनाएं घट चुकी है मगर नगर निरीक्षक को इन वारदातो से कुछ लेना देना है, उन्हें तो बस थाने में रहकर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री करना है।

# खुले में बिक रहा मटन, स्थानीय प्रशासन ने साधी चुप्पी

### मुख्यमंत्री के आदेश की उड़ रही धज्जियां

**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला के पास रिहायशी इलाके में खुले में मीट मटन बेची जा रही है जिसको लेकर कई बार समाचार पत्रों में समाचार भी प्रकाशित किया गया लेकिन नगर पालिका प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण खुलेआम रिहायशी इलाके में खुले में मांस की बिक्री की जा रही है। जबकि मुख्यमंत्री के द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है कि खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी यदि खुले में मांस की बिक्री करते पाए गए तो कानूनी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाने की भी कार्यवाही की जाएगी लेकिन कोतमा नगर पालिका क्षेत्र में यह आदेश बेअसर ही दिखाई दे रहा है। ज्ञात हो कि 2006 में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 लाया गया। इसे 2011 में लागू किया गया, ये अधिनियम भारत में खाद्य सुरक्षा मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन को भी स्थापित करता है।



### खुले में मांस की बिक्री पर रोक

मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को शपथ ग्रहण के बाद कई बड़े एलान किये हैं। मध्य प्रदेश में अब बिना लाइसेंस के खुले में मांस या अंडे की दुकान चलाने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का भी आदेश जारी किया है।

### मांस के प्रदर्शन की अनुमति नहीं

भारत में खुले में मांस के बिक्री को लेकर नियम बनाए गए हैं। खाद्य सुरक्षा नियम के अनुसार, दुकानों के सामने लोगों के लिए मांस का प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। मांस की दुकानों पर लोहे की जगह स्टील से बने उपकरणों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए और मांस काटने के तीन घंटे के अंदर उसे बेचा जाना चाहिए।

### नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जरूरी

खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेने से पहले, मांस की दुकानों को संबंधित स्थानीय निकायों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी लेना होता है। मीट को इंसुलेटेड फ्रीजर वैन में ढोना, मीट कारोबार से जुड़े सभी वर्करों का अनिवार्य हेल्थ सर्टिफिकेट, मीट की दुकानों की धार्मिक स्थलों और सब्जी की दुकानों पर पर्याप्त दूरी, ऐसे कई मानक हैं जिनका पालन करना जरूरी है।

### लाखों की लागत से बना मीट बाजार

नगर पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक 11 कॉलेज के सामने भव्य मीट दुकानो का निर्माण का करवाया गया था लेकिन आज वह भवन खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है। कारण यह है कि नगर पालिका के द्वारा कड़ाई से कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण नगर के वार्ड क्रमांक 7 में खुले में मांस की दुकानें संचालित हैं। कई बार स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से खुले में मांस की दुकानें संचालित है जिन्हें हटाए जाने की मांग भी की लेकिन नगर पालिका प्रशासन के सुस्त रवैया के कारण लोग परेशान हैं। नागरिकों ने जल्द ही खुले में बिक्री हो रहे मीट दुकानों को अन्यत्र जगह लगवाए जाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

## संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करें: कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन करें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों में यात्रा पहुंचेगी। इन स्थानों में 11 प्रमुख विभागों के स्टाल लगवाएं। यहाँ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जाँच एवं उपचार शिविर लगाएं। शिविर में विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी संकल्प यात्रा के कार्यक्रम तथा रूट का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक आमजन इसका लाभ उठा सकें। क्षेत्र के सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों को संकल्प यात्रा में अवश्य आमंत्रित करें। सभी एसडीएम संकल्प यात्रा की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा यात्रा की प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार वाहन से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ-साथ खण्ड स्तर के अधिकारी कार्यक्रम स्थल में विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजनता को दें। शिविर में आधार कार्ड में सुधार तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल में संबंधित क्षेत्र के बीएलओ उपस्थित रहकर पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के आवेदन पत्र भरवाएं। शिविर में जलजीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। शिविर में अटल पेंशन योजना के आवेदन पत्र अवश्य भरवाएं। बैठक में उपस्थित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से स्वीकृत अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा दायर करने के लिए विशेष प्रयास करें। अधूरे प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण अभियान चलाकर पूरा कराएं। ग्रामीण क्षेत्र के अनुपयोगी तथा खुले सभी बोरवेल बंद कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, सभी एसडीएम, जनपद के सीईओ तथा नगर परिषदों के सीएमओ उपस्थित रहे।

### ठंड बढ़ने के साथ ही फुटकर कोयला चोर भी सक्रिय, चोरी के कोयले से धधक रही सिगड़ियां

# चोर मचाए शोर, पुलिस और सुरक्षा कर्मियों का नहीं कोई जोर

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अंतर्गत इन दिनों धनपुरी ओसीएम, अमलाई ओसीएम , राजेंद्रा भूमिगत माइंस दामिनी मांइस से कोयला चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। नए सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति नहीं की गई है। इस तरह जहां बेशकीमती समानो, कोयला चोरी होने की वजह से प्रबंधन को नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ इस चोरी की घटना में शामिल लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं कुछ समय पहले तक जरूर प्रशासन की धर पकड के चलते चोरी की घटनाओं में अंकुश लगा हुआ नजर आ रहा था पर वर्तमान समय में ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है।

### ठंडी में कोयला की चोरी अधिक

खदानों में जगह-जगह बाउंड्री वाल टूटी हुई है जहां से चोर आसानी से प्रवेश कर जाते हैं ठंड बढ़ने के साथ-साथ कोयला चोरी में वृद्धि देखी जा रही है कोयला निकालने के बाद खदानों में जुडी पगडंडी रास्तों पहाड़ों से कोयला चोर खदान से प्रवेश करते हैं और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं कोयला चोरो की तादाद भी काफी ज्यादा होती है जो कि एक साथ मिलकर खदान के अंदर घुसते हैं और कोयला चोरी में शामिल होते हैं कहने को तो यहां पर सुरक्षा कर्मी की तैनात रहते हैं लेकिन बावजूद इसके चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगना समझ से परे है वैसे देखा जाए तो कुछ समय पहले यहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को इधर-उधर किया गया था तो चोरी की घटना कमी होता हुआ नजर आ रहा था

### चोरी को अंजाम दिया जा रहा है

बताया जाता है कि यहां पर होने वाली कोयला चोरी कीमती कबाड़ डीजल चोरी ज्यादातर लोग वहीं आसपास के लोग होते हैं दिन में यहां यह कम संख्या में चोरी की वारदात में शामिल होते हैं वही अंधेरा होते ही इनकी संख्या बढ़ जाती है पहले तो यह खदानों के मैदानों पर पड़े कोयले को उठाकर एक जगह एकत्रित करते हैं फिर बाद में उसे बोरियों में भरकर साइकिल के जरिए ले जाते हैं।

### कोयले गिरने रोड होता काला

बताया जाता है कि बंगवार राजेंद्रा



साइडिंग से प्रतिदिन प्राइवेट वाहनों से दिन रात कोयला ढुलाई किया जाता है रात के अंधेरे में ट्रक खड़ा कर रोड के किनारे कोयला गिराया जाता है यह कोयला अगर देखा जाए तो वही आस पास मौजूद ईट भट्टों में चोरी के कोयले से ईट भटटो खप रहे हैं अगर पुलिस छापा मारे तो देखा जा सकता है कि इस तरह से यहां पर चोरी के कोयले के ढेर लगे रहते हैं कोयला चोरी दिन पर दिन यहां पर बढ़ती जा रही है वहीं बाईपास रोड पर भी ट्रकों जरिऐ राजेंद्रा दामिनी खैरहा माइंसो से बुढार रेल्वे साइडिंग के लिए कोयला लाए जाते हैं मेन रोडो किनारे जगह जगह कोयला गिरा दिए जाते हैं जिसे सुबह होने पहले ठिकना लगा दिया जाता है।

### नहीं लगती गस्त

एरिया सिक्योरिटी की अनदेखी के चलते कोयला चोरी पर अकुंश नही लगता दिखाई देता रातो पर गाडियो से खदानो साइडिंग रास्तों में गस्त न लगाने के चलते कोयला चोरी पर अंकुश नहीं लग पा रही है बताया जाता है कि एरिया सुरक्षा विभाग की घोर लापरवाही के चलते ही जिससे कंपनी को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है महाप्रबंधक इस ओर ध्यान दें।

# उप मुख्यमंत्री पहुंचे रीवा





### कलश दिखाने के साथ ही फूल मालाओं से हुआ स्वागत

**रीवा।** नव निर्वाचित उप मुख्यमंत्री के स्वागत में उमड़ पड़ा जन सैलाव उप मुख्यमंत्री के पद से नवाजे गये रीवा के विकास पुरूष राजेंद्र शुक्ला देर शाम शहर में प्रवेश किया। सुबह से उनके आने की तैयारी में जुटे शहरवासियों चेहरे खिल उठ गये। शहर में प्रवेश करते हुए हिंदू धर्म के अनुसार कलश दिखा कर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का स्वागत किया गया। जगह-जगह लोग उनके स्वागत की तैयारी में पंडाल सजाये हुए थे। मार्ग में पडने वाले पंडालों पर काफिले को रोक कर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का पुष्पवर्षा करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में उमरी में भूपेंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह, चोरहटा बाइपास में राजीव शर्मा एंव सेमरिया के वरिष्ठ नागरिकों का काफिला, गुरूकुल स्कूल मोड़ के पास राजेंद्र शुक्ला चोरहटी, सतीश उरमलिया, अशोक चतुर्वेदी, नहर के पास वार्ड क्रमांक 4 के भाजपा पार्षद दारा सिंह व इंद्रजीत तिवारी, गोड़हर मोड़ के पास बालानंद द्विवेदी, विकास शुक्ला, सतीश पांडेय, नागेंद्र पांडेय, जानू त्रिपाठी,



एजी कॉलेज तिराहे के पास अज्जू पार्षद, मधु द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, जेपी मोड़ के पास जगतपति द्विवेदी, रितेश द्विवेदी, अनिल एंव शैलेंद्र मिश्रा, संतोष डीजल के पास दिलीप तिवारी, डॉक्टर सीएल रावत, चंद्रशेखर तिवारी, रजनीश बारी, भाजपा कार्यालय ढेकहा में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर पुष्पमाला के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसी प्रकार राजपूत गन सर्विस के पास वार्ड क्रमांक 5 के भाजपा पार्षद संजू सिंह, राजीव वर्मा, गौरव पांडेय, प्रभाकर चतुर्वेदी एवं मैदानी से वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। जय स्तंभ चौक में सुनील शर्मा, राजेश सिंह, अनिल शुक्ला पप्पू, बैजूधर्म शाला के पास सतीश सोनी, नागेंद्र गुप्ता, दीपक सेन। शंकर लाइट हाउस के पास सुनील शुक्ला भाजपा पार्षद, अंबुज रजक। कल्पना स्टूडियो के पास अमित ताम्रकार। खन्ना चौराहा में गुलाब खान, नानक पंजवानी। नगर निगम के सामने भाजपा के पार्षद गणों ने फूल माला से उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। घोड़ा चौराहा में नरेश काली, भाजपा पार्षद दीनानाथ वर्मा, नंदलाल ताम्रकार के साथ ही गायत्री परिवार तथा विंध्य व्यापारी संघ द्वारा गजमाला के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रकाश चौराहा बीडी कछवाहा, मनीष श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण गुप्ता। छोटी दरगाह के साथ संजय खान उर्फ सोनू मुस्लिम एवं उनके साथी गण। अस्पताल चौक में अनिल बुदवानी और संजय चावला ने स्वागत किया। जय भोले ट्रंक स्टोर के पास राजेंद्र वर्मा। कला मंदिर मोड़ तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सामने डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल, अनेंद्र सिंह अंजू एवं शंकर सहानी। होटल सफारी के सामने कपिल चौरसिया, राहुल टंडन। गुरूद्वारा मोड़ के पास हरभगवान सिंह, अशोक राजऋषि। गल्लामंडी मोड़ के पास भाजपा पार्षद वंदना सिंह, उपदेश पंसारी, नितिन सिंह, अनुज प्रताप सिंह गुड्डू यशवर्धन सिंह, थानेश्वर सिंह, जितेंद्र जायसवाल तथा राजेश पटेल। अमहिया मोड़ के पास जयकांत अग्रवाल, शिवेंद्र शुक्ला, पूजा प्रमोद सिंह, अश्वनी शर्मा, विक्रम सिंह के साथ पताजंलि ग्रुप एंव वार्ड 24, 25 एवं वार्ड क्रमांक 17 के वरिष्ठ नागरिक गणों ने नवनिर्वाचित उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का पुष्पमाला से भव्य स्वागत कर एक-दूसरे को मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज से

**रीवा।** भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज 16 दिसंबर को किया जायेगा। रीवा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम सिरमौर चौराहा स्थित नवनिर्मित सब्जी मंडी प्रांगण, आईजी ऑफिस के पास किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। यह कार्यक्रम अपरान्ह 2.30 बजे से आरंभ होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो प्रसारण के माध्यम से अपरान्ह 4 बजे फ्लैग आफ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। फ्लैग आफ करने के उपरांत जिले के लिये प्राप्त प्रचार वाहन रूट चार्ट के अनुसार रवाना की जायेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपरान्ह 4.25 बजे कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये जायेंगे। इस यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने का कार्य किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपरांत प्रचार रथ अपने निर्दिष्ट स्थलों में पहुंचेंगे तथा रूट चार्ट के अनुसार 17 दिसंबर से जिले के सभी स्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# मऊगंज के मदन मोहन मालवीय थे रामधनी मिश्र



**मऊगंज।** जिले के मऊगंज पुर्व विधायक स्वर्गीय रामधनी मिश्र की 25वी पुण्यतिथि मनाई गई। मऊगंज की शिक्षा व्यवस्था पहले और आज में धरती आसमान का अंतर है किंतु आज आधुनिक व धन व्यवस्था होने के बावजूद भी शिक्षा का स्तर वह नहीं मिल पा रहा जो स्वर्गीय पंडित रामधनी मिश्र अपने समय में मऊगंज की जनता को समर्पित कर गए मऊगंज ही नहीं बरन जिला प्रदेश व दूसरे राज्यों से छात्र शिक्षा लेने सिर्फ मऊगंज ही आते थे राजनीति और शिक्षा दोनों को स्वच्छ व साफ सुथरी पहचान देने वाले स्वर्गीय पंडित रामधनी मिश्र की आज 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई मऊगंज क्षेत्र के लिए अपनी अलग पहचान व अमिट दोनों शिक्षण संस्थान जनता को समर्पित करने वाले मऊगंज के मदन मोहन मालवीय की उपाधि से नवाजे गए पंडित रामधनी मिश्रा का आज उनके द्वारा निर्मित महाविद्यालय एवं सरस्वती बाल मंदिर दोनों शिक्षण संस्थानों में उनके पौत्र और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों ने आज उनकी 25वीं पुण्यतिथि मनाई इस अवसर पर उनके पौत्र बसंत मिश्रा सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ उनके विचार समाज के प्रति उनकी संवेदनाएं और शिक्षा के लिए जो योगदान दिया गया उन्हें याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य बीएस पटेल, टीपी शुक्ला, सीएल शर्मा, एसपी सिंह, राम मूर्ति चतुर्वेदी, राम यस त्रिपाठी, कामेश्वर मिश्र, राजेंद्र दुबे ,एम एम यादव, उर्मिला मिश्रा, दिलीप मिश्रा साथ ही शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक राय, प्रो . अनवर खान, विवेक पटेल, विनोद वर्मा, शाश्वत पांडे नर्सिंग मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कड़ाके की सर्दी में नहीं जल रहे अलाव



### ठंड से लोग परेशान, नगर प्रशासन मौन

**मऊगंज।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से गरीबों, असहायों और यात्रियों के लिए फजीहत बढ़ गई है। लेकिन, इससे बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नगर प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि सूत्रों की माने तो अलाव के संबंध में शासन पहले ही नगर निकायों को पत्र जारी कर चुका है कि लोगों को ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन मऊगंज, हनुमना,नईगढ़ी मे नगर परिषद द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई है।बाजार, ब्लाक चौराहा, हॉस्पिटल परिसर, सहित सब्जी मंडी बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से काफी दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। दिसंबर माह आखिरी चल रहा है। लेकिन नगर का जिम्मेदार अमला, निकाय प्रशासन मौन है। तों वही नगर में शीतलहर जैसी स्थिति निर्मित हुई है इस कड़ाके की सर्दी में लोग आग को सहारा बनाना शुरु कर दिया है। इस कड़ाके की सर्दी में नगर निकाय अभी भी अनजान बना हुआ है। ग्रामीणों सहित मुसाफिरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पड़ रही कड़ाके की सर्दी से क्षेत्र में लोग बेहाल दिखे। ग्रामीण क्षेत्र से बाजार सहित आवश्यक कार्य के लिए आए ग्रामीणों को चाय-पान की दुकानों पर भट्टियों का सराहा लेते दिख रहै है। क्षेत्रीय लोगों ने ठंड को देखते हुए तत्काल बाजार सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग की है।

### होटल, ठेला और ढाबे पर किया जा रहा उपयोग

# होटल, ढाबों व ठेलों पर किया जा रहा है घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग

**मऊगंज।** जिले के अतगत शहर स लेकर कस्ब म घरेलू गैस की कालाबाजारी धड़ल्ले से चल रही है। जिसमे मऊगंज, खटखरी, हनुमना, पहाड़ी, शाहपुर, नईगढ़ी, देवतालाब मे नियमों को ताक पर रखकर होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों और ठेले पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। खासबात यह है कि मऊगंज जिले अंतर्गत जितने होटल, रेस्टोरेंट, चाट दुकान और चाय दुकान है। उनमें अधिकांश दुकानों में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग सहित स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के हौंसले बुलंद हैं। और इन्हें जरा भी नियमों की परवाह नहीं है। और न ही प्रशासन का खौफ। विभागीय उदासीनता के कारण होटल व रेस्टोरेंट मालिक व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना ही भूल गए हैं। और धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं।

### कार्रवाई न होने से घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी जोरों पर

अगर खाद्य विभाग और प्रशासन की बात की जाए तो कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कोरम पूर्ति की जाती है। होटल चलाने वाले, ठेला पर चाय दुकान और चाट दुकान चलाने वाले लोगो को प्रशासन और खाद्य विभाग के अधिकारियों से बिल्कुल खौफ नहीं है। इसलिए रोड पर घरेलू गैस रखकर खुलेआम अपनी दुकान चला रहे है। आलम यह है



कि होटल, चाय दुकान, चाट दुकान के साथ शादी समारोह में भी व्यावसायिक गैस सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। जबकि खाद्य विभाग ने सभी मांगलिक कार्यक्रमों व होटल संचालकों को घरेलू गैस का उपयोग नहीं करने की हिदायत दे रखी है। बावजूद इसके घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग बेरोक टोक जारी है। होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने से जहां होटल मालिक मजे में है। वही दूसरी ओर उपभोक्ता परेशान है। होटलो म घरेलू गैस का उपयोग होन के कारण गैस की कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हैं। होटलों में गैस का उपयोग ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। आम जनों को कभी कभी तो गैस सिलेंडरो के लिए कई बार एजेंसी का चक्कर काटना पड़ता है। वहीं होटल संचालकों को आसानी से ब्लैक में सिलेंडर मिल जाता है। जिससे घरेलू गैस का उपयोग होटलों में होने के कारण गैस सिलेंडर की मांग बढ़ रही है। जिस कारण आम उपभोक्ताओं को गैस समय पर नहीं मिल पा रही है।व्यवसायिक गैस की जगह घरेलू गैस का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी की नजर भी पड़ती है। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

रसोई गैस की कालाबाजारी व रिफिलिंग का अवैध कारोबार एजेंसी प्रबंधकों व प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। गौरतलब है कि गैस प्राधिकरण अधिनियम में साफ लिखा है कि होटल, रेस्टोरेंट और व्यावसायिक वस्तुओं के निर्माण में यहां तक कि समरोह आदि में भी कमर्शियल गैस सिलेंडर का इस्तेमाल होना चाहिए। यदि कोई इस कानून का उल्लंघन करता है। तो उसके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए. लेकिन अधिकारियों की नजर अंदाजी से जिले भर में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलु गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है। जिले में कई वर्षों से घरेलू गैस की रिफिलिंग का धंधा फल-फूल रहा है। बावजूद इसके खाद्य विभाग की कार्रवाई नगण्य है।

**खबर संक्षेप**

## संभाग के कांग्रेस के इकलौते विधायक फुंदेलाल सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग



**अनूपपुर।** लाडली बहना के किला को ध्वस्त करने वाले शहडोल संभाग के इकलौते कांग्रेस विधायक एवं आदिवासी समाज के अधिकारों की हमेशा लड़ाई लड़ने वाले अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हैट्रिक लगाकर जीत दर्ज करने वाले एकमात्र आदिवासी नेता पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को को मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की मांग शहडोल संभाग के अधिकांश कांग्रेस जनों ने एक स्वर में की है। कांग्रेस जनों ने कहा कि आदिवासियों के मसीहा एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के नेता प्रतिपक्ष बनने पर निश्चित रूप से आदिवासी समाज एवं कांग्रेस कार्यकतार्ओं में एक नई शक्ति एवं ऊर्जा का संचार होगा।

## उपार्जन परिवहन के संबंध में कलेक्टर ने बैठक कर दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने उपार्जन के परिवहन से संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा मिलर की बैठक लेकर संबंधितों को उपार्जित फसल के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक मधुर खर्द, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती सीमा सिन्हा तथा मिलर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों की मैपिंग एवं परिवहन संबंधी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मिलर को अनुबंध की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए परिवहन की प्लानिंग कर उपार्जन का समय पर उठाव करने के निर्देश दिए। जिससे उपार्जन केन्द्रों में किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने परिवहन की गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शनिवार एवं रविवार के दिनों में पीडीएस मिलिंग के मिलर के ट्रकों को उपार्जन कार्य में उपयोग किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।

## केन्द्रीय विद्यालय संगठन का मनाया गया 60वां स्थापना दिवस

**अनूपपुर।** केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 60वां स्थापना दिवस हीरक जयंती के रूप में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती गायन प्रस्तुत किया। इसके उपरांत वरिष्ठ शिक्षक अमृतलाल लाकड़ा ने प्राचार्य का पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया एवं छात्रों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने विद्यालय के विद्यार्थी परिषद को बैच पहनाए तथा बालक एवं बालिका विद्यालय कैप्टन को ब्लेजर पहना कर उनको सम्मानित किया। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना एवं इसके क्रमिक विकास तथा केंद्रीय विद्यालय की शैक्षणिक पद्धति, उपलब्धियां, कार्य पद्धति, प्रशासनिक कार्य पद्धति पर विद्यालय की कुमारी शानवी पाण्डेय, अर्णव कुमार मिश्रा, आराध्या पाठक, शान जायसवाल, यशस्वी मिश्रा तथा आयुष्मान मिश्रा ने विस्तार पूर्वक जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के समापन में केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्रीय विद्यालय छात्रों को सिर्फ किताबी शिक्षा ही नहीं प्रदान करता अपितु विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास कर श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान करता है।

### ओवरटेक के दौरान ट्रक में घुसी कार

# रफ्तार ने ली एक की जान, दूसरा जूझ रहा जिंदगी और मौत से

**अनूपपुर।** बीती रात कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 ने कोदैली गांव के समीप तेज गति से जा रही कर ओवरटेक के चक्कर में ट्रक के पीछे घुस गई जिससे कर चालक एवं उसके रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर उपचार हेतु भेजा जहां उपचार दौरान युवक की मौत हो गई वही दूसरे युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।





घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिंह को विगत रात लगभग 3 बजे सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में कोदैली गांव के पास एक कार एवं ट्रक के एक्सीडेंट हो गया है। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंचकर सुजकी कार जो तेज गति से अनूपपुर की ओर से शहडोल की ओर जा रही थी एवं शहडोल की ओर ही जा रहे एक ट्रक के पीछे घुस गई कार में सवार अजय पिता स्व. रामखेलावन रजक उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मलगा एवं तुलसी रजक पिता रमेश रजक उम्र 35 वर्ष दोनों थाना रामनगर को गंभीर चोट आई थी जिन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा गया जहां उपचार के दौरान 23 वर्षीय युवक अजय पिता स्व. रामखेलावन रजक निवासी मलगा की मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल तुलसी रजक को बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है। ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र अनूपपुर के प्रभारी सहा,उप निरीक्षक हरपाल सिंह परस्ते एवं आरक्षको द्वारा शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजनों को सूचना कर परिजनों के आने पर उनकी उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार किए जाने हेतु परिजनों को सौंप कर घटना की डायरी कोतवाली थाना अनूपपुर में जांच हेतु भेजी गयी है वही दोनों वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए पड़ोस में सुरक्षित रखाया गया है।

### इधर जमीनी विवाद मे पति-पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपित फरार

कोतवाली थाना अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर किसान पति- पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। कोतवाली पुलिस में मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, आरोपित फरार बताये जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना अंतर्गत गुरूवार की शाम ग्राम सकारिया में पूर्व में चल रहे जमीनी विवाद में सीताराम राठौर और विवेक राठौर ने 32 वर्षीय अंजनी यादव पत्नी और 35 वर्षीय विक्रम यादव दोनों पति-पत्नी खेत में काम कर रहे थे, तभी सीताराम राठौर और विवेक राठौर ने पति पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू बाजी से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पत्नी के सिर में गंभीर चोट है वहीं पति के शरीर में गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपित की तलाश कर रही है।

# रामपुर बटुरा ओपन कास्ट मे ग्रामीणों ने किया कार्य बंद

### जब तक समस्या का समाधान नहीं तब तक आंदोलन की चेतावनी

**अनूपपुर।** रामपुर के उप सरपंच रजनीश मिश्रा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार त्रिपाठी, कृषक भूपेश शर्मा सहित अन्य ग्रामीण व किसानों ने रामपुर बटुरा ओपन कास्ट मेगा प्रोजेक्ट मे कई समस्याओं को लेकर विगत 1 वर्ष से लड़ाई लड़ रहे थे। एसईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों के किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया बल्कि समाधान की जगह और नुकसान भी होता रहा जिससे ग्रामीणों ने पूर्व में कलेक्टर एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद 15 दिसंबर से कार्य बंद कर दिया।



### यह है मुख्य मांगे

मांगों मे जिनकी जमीन सीरियल में अधिग्रहित की गई है आज तक उन्हें रोजगार पुनर्वास व्यवस्थापन की सुविधा नहीं दिया गया है। एक वर्ष से एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कोयला निकलकर और बिक्री किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजागी है लगभग हजारों की तादाद में नौकरियां हैं जिसमें मात्र 100 से 150 नौकरी अभी तक एसईसीएल द्वारा स्थानीय स्तर पर दिया गया है।

### बैरिहा के ग्रामीणों ने भी दिया रामपुर का समर्थन

ज्ञात हो कि पूर्व में ग्राम बैरिहा निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश त्रिपाठी ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से निवेदन कर चुके हैं कि ग्राम बैरिहा को भी एसईसीएल अधिग्रहित करें और नौकरी मुआवजा देकर उसे खाली करायें क्योंकि रामपुर का बैरिहा एक अभिन्न अंग रहा है और आज भी है। यदि ऐसस नहीं हुआ तो यह आंदोलन चलते रहेगा आए दिन हैवी ब्लास्टिंग के कारण मकान में दरार, पानी की कमी, प्रदूषित वातावरण सहित विभिन्न समस्याओं से ग्राम बैरिहा इस समय जूझ रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का होगा जिला स्तरीय आयोजन

### आज उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा आयोजित

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर को अपरान्ह 4 बजे फ्लैग ऑफ कर किया जावेगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 16 दिसम्बर 2023 को अपरान्ह 3 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर प्रांगण में आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का कार्यक्रम स्थल पर वीडियो प्रसारण किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के लिए उपलब्ध 4 आईईसी वैन को निर्धारित रूटचार्ट के लिए रवाना किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए रूटचार्ट अनुसार ग्राम व नगरीय क्षेत्रों के वार्डों के कार्यक्रम की शुरूआत 17 दिसम्बर से होगी। उन्होंने बताया है कि इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित विभागों के शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिपं. सीईओ ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकगणों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## खुले में मांस बिक्री रोकने नगर पालिका अनूपपुर ने शुरू की कार्यवाही

**अनूपपुर।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में खुले में मांस-मछली की बिक्री रोकने के लिए 15 दिसंबर से पूरे प्रदेश में पंद्रह दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है, वहीं धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों पर भी नजर रखी जाएगी। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद अनूपपुर की अध्यक्ष अंजूलिका शैलेंद्र सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनंत धुर्वे के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में नगर पालिका अनूपपुर द्वारा खुले में मांस की बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में मांस, मछली और अंडों की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए नगर पालिका परिषद अनूपपुर पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। खुले में मांस, मछली बेचने वालो के खिलाफ चालानी कार्यवाही भी की जाएगी। धार्मिक स्थलों से सौ मीटर की दूरी के भीतर इनके विक्रय और प्रदर्शन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। मांस, मछली की बिक्री के लिए अपारदर्शी कांच, दरवाजा और साफ-सफाई की व्यवस्था के बीच बिक्री नहीं होंने पर विक्रेताओं पर चालानी कार्यवाही और उनका लाइसेंस निरस्त करने तक की कार्यवाही की जा सकती है।

### लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से कराया जाएगा पालन

प्रदेश के मंदिर-मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों को चिन्हित कर उन्हें रोका जाएगा। आवासीय क्षेत्रों में पचास डेसिबल दिन में और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होना चाहिए। साइलेंट जोन में यह सीमा दिन में पचास और रात में चालीस रहेगी। कामर्शियल क्षेत्रों में दिन में 65 और रात में 55 से अधिक नहीं रहेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में दिन में 75 और रात में 70 डेसीबल से अधिक शोर नहीं होना चाहिए। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। इसमें जिला प्रशासन, पुलिस मिलकर कार्यवाही करेगी। नगर पालिका द्वारा चलाए गए अभियान में नगर पालिका अनूपपुर के गौरव सिंह गजाला परवीन, बृजेश मिश्रा, विकास पांडे, सुमित एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# जैतहरी एवं वेंकट नगर में कोरोना काल के पूर्व के स्टॉपेज बहाल की मांग

### अनिल गुप्ता ने पीएम व रेल मंत्री को लिखा पत्र

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शहडोल एवं अनूपपुर अनिल कुमार गुप्ता ने फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखकर अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी एवं वेंकटनगर में कोरोना पूर्व ट्रेनों के जो भी स्टॉपेज थे उन्हें बहाल करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लेख किया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन में कोरोना काल के पूर्व यात्री ट्रेनों के जैतहरी एवं वेंकटनगर में स्टापेज स्वीकृत थे। जिसे कोरोना के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया गया। जिसे तत्काल जनहित में बहाल कर स्टापेज (ठहराव) प्रदान कराए जाने की दिशा में कदम उठाए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन के मध्य जैतहरी अति महत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन है। जैतहरी में विकासखण्ड, तहसील, कृषि उपज मण्डी, नगर परिषद, राजस्व अनुविभाग सहित 2480 मेगावाट हिन्दुस्तान एमबी पावर प्रोजेक्ट का मुख्यालय है। जैतहरी में हिन्दुस्तान एमबी पावर के लगभग 3000 कर्मचारी उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उडीसा, दिल्ली, पंजाब एवं उत्तराखण्ड जैसे कई राज्यों के कर्मचारी जैतहरी रेलवे स्टेशन से ही यात्रा करते है। कोरोना काल में ट्रेन नंबर 18478/18477 ऋषिकेश-पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस तथा ट्रेन नंबर 18235/18236 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल का स्टापेज बंद कर दिया गया है। जिससे यात्रियों में एवं जनसामान्य में भारी असंतोष है। इसी तरह म.प्र.राज्य के अंतिम छोर में स्थित वेंकटनगर रेल्वे स्टेशन में पूर्व से स्वीकृत ट्रेन नंबर 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस तथा ट्रेन नंबर 18247/18248 रीवा-बिलासपुर- रीवा ट्रेन का स्टापेज था। कोरोना काल समाप्त होने के दो वर्ष बाद भी पूर्ववत ट्रेनों का स्टापेज उपरोक्त स्टेशनों में न होने से सरकार की छवि खराब हो रही है तथा व्यापक जन असंतोष है। दोनों ही स्टेशनों पर लोकसभा चुनाव के पूर्व स्टॉपेज अति आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अपेक्षा की है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व जैतहरी रेलवे स्टेशन में ट्रेन नंबर 18478-18477 ऋषिकेश-पुरी- ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस तथा ट्रेन नंबर 18235-18236 भोपाल-बिलासपुर- भोपाल तथा वेंकटनगर रेलवे स्टेशन में ट्रेन नम्बर 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस तथा ट्रेन नंबर 18247-18248 रीवा-बिलासपुर-रीवा का स्टापेज तत्काल बहाल (स्वीकृत)कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह को भी दी है और उनसे भी अपेक्षा की है कि इस और विशेष ध्यान देते हुए कोरोना पूर्व के स्टॉपेज बहाल कराने की दिशा में कारगर कदम उठाए।



**गलन भरी ठण्ड में खुले पैर परीक्षा देंगे परीक्षार्थी**

# अफसर बनने चप्पल सैंडिल पहनकर देनी होगी परीक्षा

**लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्ष नियुक्त**

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 17 दिसम्बर को दो सत्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक जिले में बनाए गए 6 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले में कुल 1693 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर एवं राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षा प्रभारी डी.के. पाण्डेय ने बताया है कि म.प्र. लोक सेवा आयोग के निदेर्शानुसार परीक्षा केन्द्रों में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहन कर प्रवेश वर्जित किया गया है। परीक्षार्थी चप्पल व सैंडिल पहन कर परीक्षा कक्ष में आ सकते हैं। चेहरे को ढक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसे बालों को बांधने का कल्चर/बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक/चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स/वॉलेट, टोपी वर्जित है। परीक्षार्थियों को मोबाइल, केल्कुलेटर इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पठन सामग्री एवं वर्जित वस्तुएं लेकर परीक्षा कक्ष में



प्रवेश की अनुमति नही है। परीक्षा को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने केन्द्राध्यक्ष नियुक्त आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा को सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों में शासकीय सेवकों को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है। परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर हेतु शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के प्राचार्य हीरालाल बहेलिया, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर हेतु शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर के प्रभारी प्राचार्य राजू सिंह परस्ते, शासकीय आई.टी.आई. अनूपपुर हेतु शासकीय हाईस्कूल धनगवां पूर्वी के प्राचार्य मनोज खर्द, शासकीय मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर हेतु शासकीय हाईस्कूल परसवार के प्राचार्य अजय कुमार जैन, शासकीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अनूपपुर हेतु शासकीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर हेतु शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. जे.के. संत केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। संयुक्त कलेक्टर एवं राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षा प्रभारी डी.के. पाण्डेय ने बताया कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में केन्द्राध्यक्षों ने वीक्षकों तथा पर्यवेक्षकों की बैठक कर परीक्षा के संबंध में ब्रीफिंग कर म.प्र. लोक सेवा आयोग के निदेर्शों से अवगत कराया।